## एक नजर में

### वयोवृद्ध पंडित रामचंद्र शर्मा दिवंगत

**ब्यावरा 11 जुलाई, का.** नगर के जूना ब्यावरा निवासी वयोवृद्ध पंडित रामचंद्र शर्मा का निधन शुक्रवार देर शाम हो गया. वे कैलाश शर्मा के बड़े भ्राता थे. उनके दो पुत्र राजेन्द्र शर्मा और विवेक शर्मा ने चिता को मुखाग्नि दी. इस मौके पर समाज बंधुओं, मिलने जुलने वालों ने शोक व्यक्त किया है.

### हत्या के प्रयास का फरार आरोपी गिरफ्तार

**बोड़ा 11 जुलाई, का.** थाना बोडा पुलिस ने हत्या के प्रयास के गंभीर प्रकरण में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी को घटना के मात्र 72 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की. बीते 07 जुलाई को फरियादी भागीरथ पिता धनसिंह भिलाला, उम्र 64 वर्ष, निवासी ग्राम आंकखेड़ी कला, थाना बोडा ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि गांव के ही छगनलाल पिता देवसिंह रुहेला ने पुरानी रंजिश के चलते उसे जान से मारने की नीयत से तलवार से हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं. थाना प्रभारी द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी हेतु टीम बनाई जिसने संभावित ठिकानों पर दबिश देकर मुखबिर तंत्र की मदद से 72 घंटे के भीतर आरोपी छगनलाल पिता देवसिंह रुहेला, निवासी ग्राम आंकखेड़ी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया.

### रेत खनन कार्य पूर्णत: प्रतिबंधित

**राजगढ़ 11 जुलाई, का.** वर्षा ऋतु के लिए मानसून सत्र की अवधि 15 जून से 01 अक्टूबर निर्धारित की गई है. जिले में रेत उत्खनन पर रोक लगाने के संबंध में स्थानीय मौसम परिवर्तन के आधार पर उक्त निर्धारित वर्षाकाल अवधि में परिवर्तन किया गया है. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा जिले में विगत वर्षों की तरह ही इस वर्ष भी मानसून सत्र की अवधि निर्धारित करते हुए 30 जून की मध्यरात्रि से 01 अक्टूबर तक समस्त रेत खदानों में खनिज रेत खनन कार्य पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया हैं.

### मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना के आवेदन

**राजगढ़ 11 जुलाई, का.** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना के प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन हेतु एनआईसी मध्यप्रदेश के सहयोग से स्पर्श पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन प्रणाली विकसित की गई है. इसके माध्यम से वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए योजना का संचालन ऑनलाइन किया जाएगा. उपसंचालक ने बताया कि योजना के अंतर्गत पात्र दिव्यांग छात्र-छात्राएं स्वयं स्पर्श पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन दर्ज कर सकेंगे. वित्तीय वर्ष 2026-27 में अध्ययनरत पात्र विद्यार्थियों से 31 अगस्त तक आवेदन प्राप्त किए जाएंगे. उन्होंने बताया कि प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर पात्रता के आधार पर स्वीकृति अथवा अस्वीकृति की कार्रवाई 15 सितंबर तक की जाएगी. योजना का उद्देश्य दिव्यांग विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहन प्रदान कर उनकी शैक्षणिक प्रगति को बढ़ावा देना है.


**भूमि बेचना है**

नेशनल हाईवे नंबर 3 बायपास प्रज्ञा सागर शुजालपुर से बाईपास में मुआवजा मिलने के बाद 11 बीघा जमीन बेचना है. सरेड़ी पटवारी

**सम्पर्क करें : 9424406947**

*बिल : 09 अगस्त*


# ढाई घंटे बाद सीएस के कहने पर मिली एम्बुलेंस

## शुक्रवार को खुलासा, शनिवार को उजागर हुई 108 की बदहाली, सिविल सर्जन के हस्तक्षेप के बाद मरीज पहुंचा भोपाल

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 11 जुलाई, का. जिले में 108 एम्बुलेंस सेवा की बदहाल व्यवस्था पर शुक्रवार को प्रकाशित खबर के अगले ही दिन शनिवार को एक और मामला सामने आ गया. जिला मुख्यालय के समीप ग्राम पीपलबे पुरोहित में छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए व्यक्ति को भोपाल रेफर किए जाने के बावजूद करीब ढाई घंटे तक 108 एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं हो सकी. अंततः जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. रजनीश शर्मा के हस्तक्षेप के बाद एम्बुलेंस पहुंची और मरीज को भोपाल रवाना किया जा सका.**

शनिवार को कुरावर तहसील के ग्राम गॉदूपुरा निवासी कमल बैरागी अपने ससुराल पीपलबे पुरोहित आए हुए थे. इसी दौरान वे मकान की छत से गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए. परिजन उन्हें तत्काल जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने भोपाल रेफर कर दिया.

### व्यवस्था ने खुद खबर पर मुहर लगा दी, प्रत्यक्ष को प्रमाण भी मिल गया

गौरतलब है कि शुक्रवार को नवभारत प्रकाशित खबर में जिले की 108 एम्बुलेंस सेवा की बदहाल स्थिति, कई एम्बुलेंसों के खराब होने और मॉनिटरिंग की कमी को उजागर किया गया था. अगले ही दिन सामने आया यह मामला उस खबर की पुष्टि करता नजर आया कि गंभीर मरीजों को समय पर एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं हो पा रही है.

### बार-बार कॉल, लेकिन नहीं मिली एम्बुलेंस

घायल कमल के साले जितेंद्र बैरागी ने बताया कि रेफर होने के बाद लगातार 108 सेवा पर कॉल किए गए, लेकिन कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला. करीब ढाई घंटे तक इंतजार करने के बाद परिजन निजी एम्बुलेंस से ले जाने की तैयारी करने लगे, लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उन्होंने सिविल सर्जन डॉ. रजनीश शर्मा से सहायता की गुहार लगाई. डॉ. शर्मा ने तत्काल 108 के समन्वयक से संपर्क कर एम्बुलेंस उपलब्ध कराने के निर्देश दिए. इसके बाद कही जाकर एम्बुलेंस पहुंची और मरीज को भोपाल रेफर किया गया.

शासकीय 108 एम्बुलेंस नहीं मिलने पर घायल मरीज के परिजन मेरे पास आए थे. मैंने तत्काल 108 समन्वयक से बात कर एम्बुलेंस उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिसके बाद मरीज को भोपाल भेजने की व्यवस्था हो गई.

**डॉ. रजनीश शर्मा, सिविल सर्जन, जिला चिकित्सालय राजगढ़**

### गोल्डन ऑवर में हर मिनट कीमती

गंभीर दुर्घटना, सिर की चोट, हार्ट अटैक और अन्य आपात स्थितियों में शुरुआती गोल्डन ऑवर मरीज की जान बचाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है. इस दौरान समय पर उपचार और रेफरल मिलने से मृत्यु और गंभीर जटिलताओं का खतरा काफी कम हो जाता है. लेकिन यदि एम्बुलेंस समय पर नहीं पहुंचे तो यही देरी मरीज की जान पर भारी पड़ सकती है. आर्थिक रूप से सक्षम लोग निजी साधनों से बड़े अस्पताल पहुंच जाते हैं, जबकि गरीब मरीज सरकारी एम्बुलेंस का इंतजार करने को मजबूर रहते हैं.

### कथित चंदा चोरी मामले में राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया

**माचलपुर 11 जुलाई, सं.** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के नाम पर सामने आए कथित चढ़ावे और वित्तीय अनियमितताओं के विरोध में कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है. जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस माचलपुर के नेतृत्व में ग्राम पंचायत लिम्बोदा में एक विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया. इस दौरान कांग्रेस कमेटी ग्राम पंचायत लिम्बोदा द्वारा प्रदेश के राज्यपाल के नाम पंचायत सचिव को एक पांच बिंदुओं का ज्ञापन सौंपा गया. इस अवसर पर यशवंतसिंह गुर्जर, मंडलम अध्यक्ष कालुसिंह राठौर, उदयसिंह गुर्जर, भोजराज गुर्जर ग्राम अध्यक्ष कांग्रेस, रामबाबू गुर्जर यूथ कांग्रेस ब्लॉक सचिव माचलपुर, और जीतू गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष जीरापुर सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे. कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भगवान श्रीराम करोड़ों श्रद्धालुओं की अटूट आस्था के केंद्र हैं. मंदिर के नाम पर आए चढ़ावे और दान की निधियों में किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार या हेरफेर देश के करोड़ों रामभक्तों की आस्था के साथ बहुत बड़ा खिलवाड़ है.

# राजगढ़ में 20 साल के युवक का शव फांसी पर लटका मिला

## ओड़पुर के बाद दो दिन में लगातार दूसरी घटना

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 11 जुलाई, का. राजगढ़ की भंडारा गली में रहने वाले 20 वर्षीय युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. परिजन उसे गंभीर हालत में शनिवार तड़के जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया. सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.**

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान आदित्य सिंह भाटी (20) के रूप में हुई है. वह घर में हाफ लोअर और बनियान पहने फंदे पर लटका मिला. घटना का पता चलते ही परिजन उसे सुबह करीब चार बजे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी. सूचना मिलने पर पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और आवश्यक कार्रवाई के बाद मर्ग कायम किया. शनिवार सुबह करीब 10 बजे जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया.

सुबह करीब 11 बजे भंडारा गली स्थित निवास से आदित्य की अंतिम यात्रा निकाली गई. बांसवाड़ा श्मशान घाट में परिजनों, रिश्तेदारों और परिचितों की मौजूदगी में उसका अंतिम संस्कार किया गया. फिलहाल युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने का कारण सामने नहीं आया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. अधिकारियों का कहना है कि जांच और परिजनों के बयान के बाद ही आत्महत्या के कारणों का खुलासा हो सकेगा.

**दो दिन में दूसरा मामला-** इसके पूर्व 9 जुलाई को करनवास के समीप ओड़पुर गांव में भी एक युवक ने इसी प्रकार फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी. उसकी आयु भी 20 वर्ष है. युवक का नाम अंशु जाटव है. मृतक के पिता के अनुसार सुबह 5 बजे घर से निकले अंशु को बाद में पंखे से लटका पाया. दोनों मामलों में पुलिस जांच कर रही है. वहीं प्रथम दृष्टया कोई कारण स्पष्ट रूप से अब तक सामने नहीं आया है.

### कर्ज से परेशान होकर नदी में कूदा युवक

**खिलचीपुर 11 जुलाई, सं.** जिले के खिलचीपुर गाड़गंगा नदी में शुक्रवार रात एक युवक ने शराब के नशे में आत्महत्या की कोशिश कर दी. वह नदी में कूद गया और डूबने लगा. मौके पर मौजूद लोगों के शोर के बीच एक युवक ने अपनी जान की परवाह किए बिना नदी में छलांग लगा दी. उसने डूब रहे युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया. सूचना मिलते ही डायल-112 मौके पर पहुंची और युवक को थाने ले गई. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, नदी में कूदने वाला युवक खुद को कमल वर्मा निवासी कुंडीबे बता रहा था. वह नशे की हालत में बार-बार कह रहा था कि अब वह जीना नहीं चाहता. पूछताछ में उसने बताया कि खिलचीपुर के रहने वाले एक व्यक्ति कल्लू भाई से उसका पैसों का लेन-देन था. उसका आरोप है कि विवाद के बाद उसकी बाइक रख ली गई. इसी बात से परेशान होकर उसने शराब पी और गाड़गंगा नदी पहुंचकर छलांग लगा दी. **पुलिस ने थाने ले जाकर समझाइश दी-** युवक को डूबता देख मुकेश मोगिया ने बिना देर किए नदी में छलांग लगा दी. कुछ देर की मशक्कत के बाद उसने युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया. घटना के बाद नदी किनारे बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए. पुलिस के अनुसार युवक शराब के नशे में था. इसलिए रात में उसके परिजनों को थाने बुलाया और युवक को उनके सुपुर्द कर दिया गया.

# स्कूल की छुट्टी के समय बज रही खतरे की घंटी

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 11 जुलाई, का.** नगर के मुल्तानपुरा स्थित सीएम राईज स्कूल का भवन का निर्माण जारी है. इसी बीच वर्तमान में विद्यार्थियों को समीप ही बने छात्रावास के पुराने भवन में पढ़ाया जा रहा है. स्कूल भवन निर्माण के साथ सड़क के किनारे बाउण्ड्रीवाल का निर्माण भी किया जा रहा है. इसके चलते सड़क की साईडों को खोदा गया है. लेकिन साईडों को दुरूस्त नहीं करने से अब रोजाना जाम की हालत बन रही है. कारण जब छुट्टी के समय विद्यार्थी स्कूल परिसर से एक साथ बाहर निकलते है तो सड़क पर भारी जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है. इसके चलते दूसरी ओर से आने वाले वाहन गलत साईड में जाकर अपने वाहनों को निकालने की कोशिश करते हैं और कई बार हादसों का भय भी बन रहा है. दूसरी शिफ्ट में आने वाले विद्यार्थी करीब आधे घंटे भीतर परिसर में जाने का इंतजार करते हैं वहीं बाहर आने वाले विद्यार्थी अपनी साईकिल और परिजनों के वाहनों के साथ निकलने पर जाम में फंस जाते है. यह स्थिति पिछले एक सप्ताह से निर्मित हो रही है. गुरूवार और शुक्रवार को लगातार दो दिनों तक इसी प्रकार भारी भीड़ और जाम देखने को मिला. इस पूरी प्रक्रिया में करीब एक घंटे से अधिक समय लगा रहा है.

### स्वच्छता, विकास कार्यों की गुणवत्ता के निर्देश

**सारंगपुर 11 जुलाई, सं.** राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने नगर का भ्रमण कर सफाई, यातायात, पेयजल व्यवस्थाओं का जायजा लिया. इस दौरान नपाअध्यक्ष पंकज पालीवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, एसडीएम रोहित बमोरे, एसडीओपी अरविंद सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक रनवे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# 21 साड़ियां चुराने वाले शातिर बदमाश धराए

नवभारत न्यूज

**छापीहेड़ा 11 जुलाई, सं.** थाना प्रभारी निरीक्षक उमाशंकर मुकाती के निर्देशन में थाना छापीहेड़ा पुलिस ने चोरी की वारदात का सफल खुलासा करते हुए 02 शातिर एवं आदतन अपराधी आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गया मशरूका एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद करने में सफलता प्राप्त की है. बीते 07 जुलाई को फरियादी विशाल पिता रामप्रसाद कारपेंटर, उम्र 29 वर्ष, निवासी छापीहेड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी साड़ी की दुकान से अज्ञात चोर द्वारा साड़ियां एवं 4000 रु नगद चोरी कर लिए गए हैं. पुलिस द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई.

पकड़े गए आरोपी बद्रीलाल पिता मांगीलाल तंवर, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम महुआखो, थाना अकलेरा झालावाड़ और बद्रीलाल पिता कल्याण तंवर, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम महुआखो अकलेरा, झालावाड़ शामिल है. दोनों आरोपी आदतन अपराधी हैं तथा इनके विरुद्ध दर्ज प्रकरणों में थाना माचलपुर, जीरापुर एवं खिलचीपुर के मामलों में न्यायालय से स्थायी वारंट भी जारी हैं.

# इंग्लिश वीक सेलिब्रेशन का सफल आयोजन

नवभारत न्यूज

**पचोर 11 जुलाई, सं.** प्रोफेसर संतोष मित्तल हायर सेकेंडरी स्कूल में 6 से 11 जुलाई तक इंग्लिश वीक सेलिब्रेशन का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया. सप्ताह भर चले इस आयोजन के दौरान विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी भाषा से जुड़ी अनेक मनोरंजक, ज्ञानवर्धक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया. विभिन्न कक्षा समूहों के विद्यार्थियों के लिए उनकी आयु एवं स्तर के अनुरूप विविध प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं. के.जी. कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए एक्शन राइम्स एवं वर्ड चेन,

जूनियर वर्ग के लिए पोएट्री एक्शन, पैराग्राफ राइटिंग तथा पिक्चर स्टोरी टेलिंग, जबकि सीनियर विद्यार्थियों के लिए डिबेट प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. विद्यालय प्रबंधक संजय सोनी एवं प्राचार्या श्रीमती मनीता पोखरना ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, संप्रेषण कौशल एवं मंचीय अभिव्यक्ति को सशक्त बनाते है. अभिभावकों ने भी इस आयोजन की सराहना की. विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किये गए. कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विद्यालय के संचालक मंडल के गोपाल गोयल, सत्यनारायण गुप्ता, विनोद राठी, तथा शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी.


निगरानी-0406/2021/राजगढ/भू-रा

**नोटिस बनाम फरीकैन बाबत तारीख पेशी**

**समक्ष**

**राजस्व मंडल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर**

**कैलाश विरुद्ध संजय भार्गव TO,**

**बनाम**

**नाम: 1- अनुरूद्ध पाल सिंह पुत्र खडकपाल सिंह ग्राम शिवपुरी**

**अपीलान्ट/प्रार्थी**

---

**रिस्पांडेन्ट/प्रतिपार्थी**

का नोटिस दिया जाता है कि अपीलांट/प्रार्थी के बनाराजी कमिश्नर कलेक्टर साहब अपर आयुक्त की आज्ञा दिनांक 14/09/2021... अपील/ रिवीजन दायर की गयी है जो इस न्यायालय में दर्ज रजिस्टर की गयी है. और उसकी कायमी मूलवाद की सुनवाई तारीख 28-07-2026 का व मुकाम मुख्यालय ग्वालियर 10.30 बजे दिन को होगी इसलिए अगर उक्त दिनांक को आप खुद या आपके मुख्तार या वकील हाजिर न हुए तो मुकदमे का फैसला एकतर्फी किया जावेगा, दस्तखत मेरे व मुहर बोर्ड से आज तारीख 03/07/2026 ..... को जारी किया गया.

**क्लर्क ऑफ कोर्ट**



निगरानी-0406/2021/राजगढ/भू-रा

**नोटिस बनाम फरीकैन बाबत तारीख पेशी**

**समक्ष**

**राजस्व मंडल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर**

**कैलाश विरुद्ध संजय भार्गव, TO, बनाम**

**नाम: 1- गोकुलदास पुत्र लक्ष्मीनारायण ग्राम चमारी तहसील ब्यावरा जिला राजगढ़ मध्यप्रदेश**

**2-देवीसिंह पुत्र छगनलाल ग्राम चमारी तहसील ब्यावरा जिला राजगढ़ मध्यप्रदेश**

**3-राजराज पुत्र मारूजी ग्राम खेड़ीकुशलपुर तहसील ब्यावरा जिला राजगढ़ मध्यप्रदेश**

**4-हरिप्रसाद पुत्र रामसिंह ब्यावरा जिला राजगढ़ मध्यप्रदेश**

**अपीलान्ट/प्रार्थी**

---

**रिस्पांडेन्ट/प्रतिपार्थी**

का नोटिस दिया जाता है कि अपीलांट/प्रार्थी के बनाराजी कमिश्नर कलेक्टर साहब अपर आयुक्त की आज्ञा दिनांक 14/09/2021... अपील/ रिवीजन दायर की गयी है जो इस न्यायालय में दर्ज रजिस्टर की गयी है. और उसकी कायमी मूलवाद की सुनवाई तारीख 28-07-2026 का व मुकाम मुख्यालय ग्वालियर 10.30 बजे दिन को होगी इसलिए अगर उक्त दिनांक को आप खुद या आपके मुख्तार या वकील हाजिर न हुए तो मुकदमे का फैसला एकतर्फी किया जावेगा, दस्तखत मेरे व मुहर बोर्ड से आज तारीख 03/07/2026 ..... को जारी किया गया.

**क्लर्क ऑफ कोर्ट**



निगरानी-0406/2021/राजगढ/भू-रा

**नोटिस बनाम फरीकैन बाबत तारीख पेशी**

**समक्ष**

**राजस्व मंडल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर**

**कैलाश विरुद्ध संजय भार्गव TO,**

**बनाम**

**नाम: 1- रमाकान्त जोशी पुत्र कालीचपण जोशी (गुना)**

**अपीलान्ट/प्रार्थी**

---

**रिस्पांडेन्ट/प्रतिपार्थी**

का नोटिस दिया जाता है कि अपीलांट/प्रार्थी के बनाराजी कमिश्नर कलेक्टर साहब अपर आयुक्त की आज्ञा दिनांक 14/09/2021... अपील/ रिवीजन दायर की गयी है जो इस न्यायालय में दर्ज रजिस्टर की गयी है. और उसकी कायमी मूलवाद की सुनवाई तारीख 28-07-2026 का व मुकाम मुख्यालय ग्वालियर 10.30 बजे दिन को होगी इसलिए अगर उक्त दिनांक को आप खुद या आपके मुख्तार या वकील हाजिर न हुए तो मुकदमे का फैसला एकतर्फी किया जावेगा, दस्तखत मेरे व मुहर बोर्ड से आज तारीख 03/07/2026 ..... को जारी किया गया.

**क्लर्क ऑफ कोर्ट**



**The Court Of IV District and Additional Sessions Judge, Biaora, District Rajgarh M.P.**

Presiding Officer: श्री अमजद अली (आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु) (RCS HM/0000014/2025)

**सोरमबाइ...वादी**

**vs**

**पप्पूलाल ...प्रतिवादी**

Process Id-/2026 पेशी दिनांक-12/08/2026

**प्रेषिती-**

**(1) पप्पूलाल पिता भूराजी धंधा मजदूरी पत्ता- निवासी मेहमूद नगर बरसत जिला गुना मप्र**

यह कि प्रार्थी सोरमबाइ ने आपके विरुद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सकेस आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें. आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो बाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा. साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें. यह आज तारीख 09 July 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है.

**न्यायाधीश अमजद अली**
**चतुर्थ जिला न्यायाधीश**
**ब्यावरा जिला राजगढ़ मप्र**


**परेशानी** ▶ **बारिश अभी हुई नहीं, लेकिन गायों की हाईवे दुर्घटनाओं में मौत सामने आने लगी**

# एक बार फिर मौत के हाईवे पर गौवंश को आसरा

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 11 जुलाई, का. बारिश ने अभी सिर्फ अपनी आमद दर्ज कराई है. लेकिन गौवंश की फजीहत उससे ज्यादा होने लगी है. करीब सवा सौ से अधिक गौशालाओं के बावजूद हाईवे पर गायों का जमावड़ा लग रहा है.**

दुर्घटनाओं की चपेट में आने से गायों की मौत हो रही है. मामला जिले के खिलचीपुर में बीती रात सामने आा. नेशनल हाईवे-52 पर शुक्रवार रात एक अज्ञात ट्रक की टक्कर से सड़क पर बैठी एक गाय की दर्दनाक मौत हो गई. हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया, जबकि गाय का शव देर रात तक सड़क पर पड़ा रहा. इस घटना ने एक बार फिर हाईवे पर खुलेआम घूम रहे निराश्रित गौवंश और सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं.

जानकारी के अनुसार, हादसा बड़बेली गांव के पास नेशनल हाईवे-52 पर हुआ. रात के समय सड़क पर बैठी गाय को तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि गाय की मौके पर ही मौत हो गई. दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया. लंबे समय तक गाय का शव सड़क पर पड़ा रहने से वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा.

### गांवों से खदेड़ी गई गाएं हाईवे पर

ग्रामीणों के अनुसार, खरीफ सीजन में खेतों में बुवाई होने के बाद किसान फसलों को नुकसान से बचाने के लिए निराश्रित गौवंश को गांवों में नहीं आने देते. इसी कारण गायें रात के समय हाईवे, शहर की सड़कों और प्रमुख चौराहों पर आकर बैठ जाती हैं. परिणामस्वरूप आए दिन सड़क हादसों में बेजुबान पशुओं की जान जा रही है.

### सौ से ज्यादा गौशालाओं के बावजूद सड़कों पर गौवंश

स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया है कि जिले में 135 से अधिक सरकारी और गैर-सरकारी गौशालाएं संचालित होने के बावजूद बड़ी संख्या में गौवंश खुले में क्यों घूम रहा है. लोगों का कहना है कि यदि निराश्रित पशुओं को समय रहते गौशालाओं तक पहुंचाने की प्रभावी व्यवस्था की जाए तो पशुओं की जान बचाने के साथ-साथ सड़क दुर्घटनाओं पर भी काफी हद तक रोक लगाई जा सकती है.